


## डॉ. अम्बेडकर की जयंती मनाई

**जबलपुर।** संयुक्त बौद्ध विहार समिति अधारताल के तत्वावधान में संविधान निर्माता बोधिसत्व डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. देवीलता रावत ने विश्वगुरू तथागत गौतम बुद्ध एवं बोधित्व डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। विशिष्ट अतिथि महेश राजपूत, पार्षद, सुभाषचंद बोस वार्ड रमाताई झाड़ापे, जेपी नन्हेट बौद्ध, यादव राव मेश्राम ने बोधिसत्व डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के छायात्रि पर पुष्प अर्पित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. देवीतला राव ने कहा डॉ. बाबा अम्बेडकर ज्ञान के प्रतीक है। विशिष्ट अतिा रमाताई झेड़ापे ने कहा डॉ. अम्बेडकर भारत के प्रथम कानून मंत्री और अर्थशास्त्री थे। विशिष्ट अतिथि महेश राजपूत ने कहा कि अंबेडकर जी ने अमेरिका से भारत लौटने से पहले इंग्लैण्ड जाकर वहां अपना अर्थशास्त्र का अध्ययन पूरा कर भारत आने की सोची। विशिष्ट अतिा जेपी नन्हेट, यादव राव मेश्राम ने कहा डॉ. अम्बेडकर ने पानी के लिये सत्यग्रह किया। कार्यक्रम में धम्म सेवा समिति शैलेन्द्र मेश्राम, दिलीप गनवीर, सचिन मेश्राम, संदेश कामडे, आशिक पाटिल, मनीष मेश्राम, सुनील मानकर, वीरेन्द्र बौद्ध, बालचन्द्र घर्डे, नन्दकिशोर पाटिल, प्रकाश नाथ चौर, अर्जुन पाटिल, पंकज मेश्राम, सुनील मानकर, वीरेन्द्र बौद्ध, बालचन्द्र घर्डे, नन्दकिशोर पाटिल, प्रकाश नाथ चौर, अर्जुन पाटिल, पंकज मेश्राम, प्रमोद सावनकर, ईश्वरी ताई, वीरेन्द्र बौद्ध मौजूद रहे।

## दादा ठन ठन पाल निर्वाण दिवस पर सम्मान समारोह आज



**जबलपुर।** जबलपुर शहर में संकीर्तन की अलख जागने वाले भजनआनंदियों का सम्मान समारोह नरसिंह मंदिर में शास्त्री ब्रिज में आज 21 अप्रैल सुबह 10:00 बजे जगद्गुरु नरसिंह देवाचार्य महाराज के सानिध्य में नर्मदा खंड के सिद्ध संत दादा ठन ठन पाल महाराज जी के निर्वाण दिवस पर किया जाएगा। उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल परिक्रमा संरक्षक श्रीमती सुषमा शंकर पटेल बंटी पटेल करण पटेल विनोद दीवान मनोज गुलब्बानी छन्नू राम पटेल मनोहर विश्वकर्मा हरिदास पटेल गणेश विश्वकर्मा राम रतन पटेल अशोक विश्वकर्मा ने की है।

## कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने बढ़ाया रक्तदाताओं का हौसला



**जबलपुर।** रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन की जबलपुर शाखा द्वारा गोलबाजार स्थित सत्संग परिसर में रविवार को आयोजित किये गये रक्तदान शिविर में 207 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। कलेक्टर एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने शिविर में शामिल होकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर श्री सिंह ने रक्तदान को सबसे बड़ा दान बताते हुये पीड़ति मानवता की सेवा के उद्देश्य से शिविर के आयोजन के लिये संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन की सराहना की। रक्तदान शिविर में रक्त का संग्रह नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय तथा रानी दुर्गावती चिकित्सालय के ब्लड बैंक की टीम ने संग्रह किया। संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन का यह 26 वां रक्तदान शिविर था। शिविर में संस्था के सेवादारों ने भी शिविर में बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। फाउंडेशन के जोन प्रभारी नवनीत नागपाल, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.पुष्पराज पटेल, जिला चिकित्सालय के रक्तकोष की प्रभारी डॉ.अमिता जैन, मेडिकल कॉलेज के रक्त कोष प्रभारी डॉ भगवान सिंह यादव, रानी दुर्गावती चिकित्सालय से डॉ.तुषार गुप्ता, डॉ.शरद जैन एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी से कार्यकारिणी सदस्य सुनील गर्ग भी रक्तदान शिविर में मौजूद रहे।

### सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में ऊर्जा विभाग नबंर-1

## आमजनों के प्रति संवेदनशील ऊर्जा महकमा अव्वल

**जबलपुर।** लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण की स्थिति के आधार पर जारी ग्रेडिंग में ऊर्जा विभाग को प्रथम स्थान हासिल हुआ है। 01 मार्च से 31 मार्च की जारी ग्रेडिंग (20 अप्रैल 2026 की स्थिति में) में शिकायतों के निराकरण में ऊर्जा विभाग नम्बर-1 है। दूसरे नम्बर पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग है। इस ग्रेडिंग से सिद्ध होता है कि ऊर्जा विभाग की आमजनों के बीच लगातार संवेदनशील छवि बनी हुई है। सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर ऊर्जा विभाग से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिये एल-1 अधिकारी के रूप में कनिष्ठ अभियंता/सहायक अभियंता, एल-2 अधिकारी के रूप में कार्यपालन अभियंता, एल-3 अधिकारी के रूप में अधीक्षण अभियंता एवं एल-4 अधिकारी के रूप में मुख्य अभियंता सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज हैं और उक्त सभी अधिकारियों द्वारा आमजन की शिकायतों का संवेदनापूर्वक निराकरण किया जाता है। प्रत्येक स्तर पर शिकायत के निराकरण के लिये सात दिन का समय निर्धारित किया गया है। शिकायतों के निराकरण के बाद सीएम हेल्पलाइन कॉल-सेंटर द्वारा शिकायतकर्ता से दूरभाष पर निराकरण के संबंध में संतोषजनक जवाब प्राप्त करने के बाद ही शिकायतों को बंद किया जाता है।

गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा नागरिकों को दी जा रही विभिन्न सेवाओं के संबंध में प्राप्त शिकायतों के निराकरण की पुख्ता व्यवस्था के लिये लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा सीएम हेल्पलाइन पोर्टल का निर्माण वर्ष 2014 में किया गया है। इस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को विभाग के संबंधित अधिकारियों को अग्रेषित किया जाता है।

### सोम डिस्टिलरीज को झटका, हाईकोर्ट ने अपील भी की खारिज

# लाइसेंस की अवधि समाप्त हो चुकी हो, तो उससे जुड़ा विवाद खत्म माना जाएगा

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट से शराब निर्माता और विक्रेता कंपनी सोम डिस्टलरीस को झटका लगा है। जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने कहा कि जब लाइसेंस की अवधि समाप्त हो चुकी हो, तो उससे जुड़ा विवाद अपने आप खत्म माना जाएगा। इस मत के साथ कोर्ट ने सोम डिस्टलरीज की अपील का निराकरण कर दिया।



सोम डिस्टलरीज की ओर से दायर अपील में कहा गया कि उसके कर्मचारियों को भारतीय दंड संहिता की गंभीर धाराओं—420, 467, 468, 470 और 120-बी—में सजा सुनाई गई थी। इसके बाद आबकारी आयुक्त ने फरवरी 2026 में कंपनी के आठ लाइसेंस निलंबित कर दिए थे। दलील दी गई कि कर्मचारियों को आबकारी अधिनियम के तहत दोषी नहीं ठहराया गया, इसलिए लाइसेंस निलंबन गलत है। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि संबंधित सजा के खिलाफ अपील लंबित है और उस पर रोक भी लग चुकी है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि अब लाइसेंस की वैधता ही समाप्त हो चुकी है, इसलिए इस विवाद पर सुनवाई का कोई व्यावहारिक महत्व नहीं रह गया है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि लाइसेंस का नवीनीकरण एक अलग कानूनी प्रक्रिया है, जिसे सक्षम प्राधिकारी स्वतंत्र रूप से निर्धारित करेगा।



## महिलाओं को दी गई पोषण व स्वास्थ्य की जानकारी

**जबलपुर।** ग्राम पंचायत पड़रिया आवास में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती आराधना गर्ग के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्राम की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर पोषण प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें महिलाओं को पौष्टिक आहार एवं पौष्टिक व्यंजन बनाने की जानकारी दी गई। साथ ही यह भी समझाया गया कि किस प्रकार संतुलित भोजन से बेहतर स्वास्थ्य प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान सुपरवाइजर श्रीमती स्नेह लता द्वारा अक्षय तृतीया पर होने वाले विवाहों को ध्यान में रखते हुए बाल विवाह रोकने का विशेष संदेश दिया गया। रैली निकालकर गांव-गांव और घर-घर जाकर जागरूकता फैलाने का कार्य भी किया गया। उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि उन्हें अधिक से अधिक पढ़ाना चाहिए, क्योंकि शिक्षा उनका अधिकार है। इस दौरान भ्रूण हत्या रोकने एवं शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी विस्तार से दी गई। एएनएम आशा चौधरी ने महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हुए समय पर टीकाकरण और नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी। वहीं सीएचओ श्वेता पाल ने स्वच्छ पानी, स्वच्छ वातावरण और साफ-सुथरे भोजन के महत्व पर प्रकाश डाला।

## नेमा समाज भवन परिसर में "देवालय" का होगा भव्य निर्माण

**जबलपुर।** नेमा युवक संघ, जबलपुर,नेमा समाज पब्लिक चेरिटेबल ट्रस्ट, मानस मण्डल, (नेमा समाज) जबलपुर द्वारा कचनार सिटी विजयनगर स्थित नेमा समाज भवन परिसर में "देवालय" का भव्य निर्माण किया जावेगा जिसमें प्राण प्रतिष्ठा उपरांत भगवान श्री रामचन्द्र, अनंत बलवंत श्री हनुमान जी की स्थापना की जायेगी। इसके पूर्व अक्षय तृतीया पर्व के शुभ प्रसंग पर आज शास्त्रोक्त पद्धति से पूजन अर्चन के साथ भूमि पूजन सम्पन्न हुआ। समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश चन्द्र नेमा एवं मानस मण्डल (नेमा समाज) के अध्यक्ष डॉ. गोविंद प्रसाद नेमा, पूजन विधान के मुख्य यजमान रहे। कार्यक्रम संयोजक संघाध्यक्ष युवामणि राकेश नेमा द्वारा सर्व स्वाजातीय जनों का आत्मीय स्वागत किया गया।
सर्व देव आव्हान, पूजन विधान की पं. रमेश दुबे ने पूर्णता की। डॉ. राजेन्द्र नेमा, श्रीराम नेमा, महेश प्रसाद, द्वारका प्रसाद, प्रदीप नेमा, प्रवीण नेमा, एड. संजय नेमा, डॉ. संदीप नेमा, कैलाश नेमा द्वारा हनुमान चालीसा तथा अनंत बलवंत श्री हनुमंत लालजी की आरती के साथ महाप्रसाद वितरण से आयोजन का समापन हुआ।

### मौत के बाद परिजनों ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

# जमतरा घाट पर छापेमारी के दौरान युवक नदी में डूबा

हरिभूमि जबलपुर।

शहर के गौर चौकी अंतर्गत जमतरा पुल के पास सोमवार को अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई के दौरान अफरा-तफरी मच गई। इस भगदड़ में आकाश बर्मन नामक युवक की नर्मदा में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया तथा मौके पर जमकर हंगामा हुआ। परिजनों ने छापेमारी में शामिल पुलिस और प्रशासनिक अमले पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन को जमतरा नर्मदा घाट पर अवैध रेत उत्खनन की शिकायत मिली थी। सूचना के आधार पर एसडीएम, सीएसपी, माइनिंग विभाग और पुलिस बल की संयुक्त टीम कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंची। प्रशासनिक टीम को देखते ही वहां मौजूद लोगों में भगदड़ की स्थिति बन गई। बताया जा रहा है कि कुछ युवक नदी की ओर भागने लगे। इसी दौरान खिरहनी बरगी निवासी आकाश बर्मन नदी की ओर भागते समय फिसलकर गहरे पानी में चला गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक को बचाने की कोशिश की गई, लेकिन वह गहराई में समा गया और बाहर नहीं निकल सका। बाद में स्थानीय लोगों की मदद से उसका शव बाहर निकाला गया।



### परिजनों का आरोप—लापरवाही से गई जान

घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने आरोप लगाया कि कार्रवाई के दौरान पुलिस ने उचित सुरक्षा इंतजाम नहीं किए और भगदड़ की स्थिति संभालने में लापरवाही बरती। उनका कहना है कि यदि समय रहते बचाव प्रयास किए जाते तो युवक की जान बचाई जा सकती थी। आक्रोशित लोगों ने मौके पर मौजूद माइनिंग टीम को घेर लिया और जमकर नारेबाजी की। स्थिति तनावपूर्ण होते देख अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाइश देकर मामला शांत कराने का प्रयास किया।

### जांच के बाद होगी स्पष्टता

एएसपी सूर्य कांत शर्मा ने बताया कि सोमवार को एसडीएम, सीएसपी, माइनिंग विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम अवैध रेत उत्खनन की सूचना पर कार्रवाई करने पहुंची थी। इसी दौरान जमतरा नर्मदा घाट में आकाश बर्मन की डूबने से मृत्यु हो गई। उन्होंने कहा कि पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी और उसी आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### पनागर में हादसा, खेती का सामान जलकर खाक

## खेत की नरवाई में लगी भीषण आग



**जबलपुर।** पनागर तहसील की भरदा रेलवे फाटक के पास खेतों की नरवाई में अचानक आग लग गई। मौजूद ग्रामीणों ने आग बुझाने का हर संभव प्रयास किया, लेकिन आग बढ़ती ही गई। आग की चपेट में आने से पाइप, स्प्लिंकर समेत खेती का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड में काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर करीब 12:30 बजे पनागर भरदा के बीच पड़ने वाली रेलवे क्रॉसिंग के बगल में खेत की नरवाई में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया। मौजूदा जनों ने तत्काल इसकी सूचना नगर पालिका को दी। जानकारी लगते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग बुझाने का हर संभव प्रयास किया। आग इतनी विकराल हो चुकी थी कि इसे बुझाने में फायरफाइटर को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। आग बुझाने के बाद किसान ने बताया कि आग की चपेट में आने से सिंचाई में उपयोग होने वाले करीब 12 पाइप, बिजली की केबल और सटक जलकर राख हो गई। हालांकि स्थानीय प्रशासन आग लगने के कारणों की जांच कर रहा है।

### शिक्षा के निजीकरण पर जताई गंभीर चिंता

## शहर पहुंचे एसआईओ के राष्ट्रीय सचिव ने की विभिन्न अभियानों की समीक्षा

**जबलपुर।** स्टूडेंट इस्लामिक आर्गनाईजेशन ऑफ इंडिया (एसआईओ) के राष्ट्रीय सचिव यूसुफ मुल्ला दो दिवसीय प्रवास पर जबलपुर पहुंचे। प्रवास के दौरान उन्होंने एसआईओ जबलपुर की संगठनात्मक और शैक्षणिक अभियानों की समीक्षा की। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई। दौरे के दौरान यूसुफ मुल्ला ने क्षेत्रीय विधायकों और प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात कर शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की तथा एक मेमोरंडम भी सौंपा। ज्ञापन में शिक्षा की बढ़ती लागत, निजीकरण, कोचिंग संस्थानों की मनमानी फीस और कमजोर वर्ग के छात्रों को आ रही आर्थिक कठिनाइयों का उल्लेख किया गया। इस दौरान एसआईओ के प्रदेश सचिव शादान जकी और एपीसीआर जबलपुर के मेहदी हसन भी उपस्थित रहे।



पत्रकारों से चर्चा करते हुए यूसुफ मुल्ला ने कहा कि देश में शिक्षा लगातार महंगी होती जा रही है और इसका सबसे ज्यादा असर मध्यम व निम्न वर्ग के परिवारों पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा पर सरकारी खर्च बढ़ाया जाना चाहिए और निजी संस्थानों पर प्रभावी नियंत्रण की आवश्यकता है, ताकि हर छात्र को समान अवसर मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि कोचिंग संस्कृति के बढ़ते दबाव से छात्रों पर मानसिक तनाव बढ़ रहा है, जिस पर सरकार और समाज दोनों को गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि शिक्षा कोई व्यापार नहीं बल्कि देश के भविष्य निर्माण का माध्यम है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो सामाजिक असमानता और गहरी हो सकती है।

### मुख्यमंत्री के नाम भेजा गया आवेदन, राज्यभर में तुरंत लागू करने की अपील

## सभी पेट्रोल पंपों पर ईवी फास्ट चार्जिंग स्टेशन अनिवार्य करने की उठी मांग

- इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सुविधा विस्तार पर जोर
- नागरिकों को निर्बाध यात्रा और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता

**जबलपुर।** आज मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन की ओर से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक महत्वपूर्ण आवेदन भेजा गया। इस आवेदन का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी पेट्रोल पंपों पर इलेक्ट्रिक वाहनों (EV) के लिए फास्ट चार्जिंग स्टेशन अनिवार्य रूप से स्थापित करना है। संगठन ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि वर्तमान समय में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, लेकिन चार्जिंग सुविधाओं की कमी के कारण यात्रियों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यदि पूरे मध्य प्रदेश में सभी पेट्रोल पंपों पर फास्ट चार्जिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है, तो नागरिकों को बिना किसी बाधा के यात्रा करने में सहूलियत मिलेगी। आवेदन में यह भी मांग की गई है कि इस व्यवस्था को पूरे प्रदेश में तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए, जिससे शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के लोगों को समान रूप से लाभ मिल सके।

यह आवेदन मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन द्वारा डॉ. अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में भेजा गया। इस दौरान संगठन के डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष), एडवोकेट भावना निगम, एडवोकेट आशीष त्रिपाठी, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. अशोक मेथवानी, एड रोशन मंध्यानी, कामरूप इस्लाम ख़ान, डॉ. श्रीकान्त साहू, डॉ. कमल विश्वास, डॉ. एड के जैन, बिनिटा कुमारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। संगठन ने आशा व्यक्त की है कि मुख्यमंत्री इस जनहित और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण विषय पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेंगे।

## हस्तशिल्प एवं कला प्रदर्शनी आज

**जबलपुर।** उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन, भोपाल के द्वारा जारी आदेश के द्वितीय चरण के अनुसार "नारी शक्ति वंदन पाखवाड़ा" के अंतर्गत कौशल विकास एवं उद्यमिता विकास - नारी शक्ति वंदन आधारित हस्तशिल्प एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन आज 21 अप्रैल को विश्वविद्यालय व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास संस्थान, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित की जा रही है। प्रो राजेश कुमार वर्मा, कुलगुरु, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय ने बताया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम -2023 में निहित प्रावधानों पर व्याख्यान, संवाद कार्यक्रम तथा गतिविधियों के माध्यम से जागरूक करने हेतु उच्च शिक्षा विभाग द्वारा गाइडलाइन जारी की गई हैं। कार्यक्रम संयोजक डॉ अजय मिश्रा ने बताया कि छात्र छात्राओं के अंदर हस्तशिल्प के कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नारियों के द्वारा निर्मित वस्तुओं को प्रदर्शनी पंडित कुंजीलाल प्रेक्षागृह में छात्र छात्राओं के द्वारा लगाई जा रही है जिसमें अभी तक 40 निःशुल्क स्टाल हेतु पंजीयन कराया जा चुका है।इस कार्यक्रम में विश्विद्यालय के समस्त शिक्षण विभागों के छात्र छात्राओं को सहभागिता की जा रही है। विभाग के डॉ अजय मिश्रा, के संयोजन में विभागीय सदस्यों डॉ मीनल दुबे, सुश्री ज़ोफ़शिा मंसब अंसारी, डॉ सोनिका सिंह, श्री गुणीत वैद्य, सुश्री रविता सिंह के सहयोग से आयोजित किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का फूंका पुतला, गिरफ्तार साथियों की रिहाई की मांग

# राहुल गांधी पर टिप्पणी को लेकर एनएसयूआई ने किया दूरदर्शन कार्यालय के बाहर प्रदर्शन

**जबलपुर।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार सोमवार को एनएसयूआई जबलपुर जिला इकाई ने जिला उपाध्यक्ष अनुज यादव एवं अभिनव मिश्रा के नेतृत्व में दूरदर्शन कार्यालय के समक्ष जोरदार विरोध प्रदर्शन किया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में दूरदर्शन कार्यालय के बाहर शांतिपूर्ण विरोध में शामिल एनएसयूआई साथियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किए जाने की कड़ी निंदा की तथा उनकी तत्काल रिहाई की मांग उठाई। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि यह कार्रवाई लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। एनएसयूआई नेताओं ने कहा कि दूरदर्शन देश की आम जनता के टैक्स से संचालित होने वाला सार्वजनिक प्रसारण मंच है, इसलिए उससे निष्पक्षता, गरिमा और लोकतांत्रिक मर्यादा की अपेक्षा की जाती है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि यह सार्वजनिक संस्थानों की निष्पक्षता पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती है।जिला अध्यक्ष सचिन रजक ने कहा कि एनएसयूआई छात्र-युवा शक्ति की आवाज है और लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव संघर्षरत रहेगी। यदि गिरफ्तार साथियों को शीघ्र रिहा नहीं किया गया और सरकारी संस्थानों का दुरुपयोग बंद नहीं हुआ, तो संगठन आंदोलन को और व्यापक स्वरूप देगा। प्रदर्शन के दौरान मौके पर मौजूद पुलिस बल एवं कार्यकर्ताओं के बीच हल्की झड़प की स्थिति भी निर्मित हुई, जिसे बाद में नियंत्रित कर लिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एनएसयूआई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष सचिन रजक, उपाध्यक्ष अनुज यादव, अभिनव मिश्रा, राष्ट्रीय सचिव करन तामसेतवार, एजाज अंसारी, अर्पित सोनकर, सचिन शर्मा, आकाश सेन, दिलशाद अंसारी, मो. समीम, जयसूर्या, विदांत श्रीवास्तव, समीर, कफील, आशीष सहित भारी संख्या में छात्र उपस्थित थे।





# माहेश्वरी मंडल जबलपुर के चुनाव निर्विरोध संपन्न

**जबलपुर।** माहेश्वरी मंडल जबलपुर के चुनाव निर्वाचन अधिकारी गोविंद दास करवा रिटायर्ड सेल्सटैक्स ऑफिसर एवं जबलपुर जिला माहेश्वरी सभा के सचिव अभिषेक जेठा चुनाव पर्यवेक्षक की देखरेख, प्रदेश मानद मंत्री श्याम सुन्दर जेठा तथा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद मालानी के मार्गदर्शन में हर्षोल्लास के साथ निर्विरोध संपन्न हुये। निर्वाचन अधिकारी गोविन्द दास करवा ने खुले मंच पर पदाधिकारियो एवं निर्वाचित सदस्यों की घोषणा की।

**मदन जेठा अध्यक्ष, उत्तम चांडक सचिव एवं पंकज गाँधी कोषाध्यक्ष निर्वाचित**

पदाधिकारियों में अध्यक्ष मदन गोपाल जेठा, उपाध्यक्ष वल्लभदास पलोड, सचिव उत्तम चांडक (एडवोकेट), सहसचिव दीपक मालपानी, कोषाध्यक्ष पंकज गाँधी, सहकोषाध्यक्ष आशीष मालपानी, सांस्कृतिक सचिव मनीष भट्टर, संपत्ति सचिव अनुराग जेठा, जनसंपर्क सचिव शरद काबरा तथा कार्यसमिति सदस्य के.के. सादानी, रूपकिशोर जेठा, सुशील सादानी, शैलेन्द्र जेठा, प्रवीण भूतडा, संतोष सादानी एवं मनीष सारडा के रूप में निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस अवसर पर राजेश कयाल, दीपेश जेठा, हर्ष काबरा, प्रदीप जेठा, मनोहर राठी, रोहित जेठा, श्रीकुमार सादानी, राहुल जेठा, हरिवल्लभ जेठा, राजा गिरधर सादानी, शरद जेठा एवं अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# भगवान श्री परशुराम प्राकट्योत्सव कार्यक्रम आयोजित



**गांधीग्राम (बुढागर)।** भगवान श्री परशुराम के प्राकट्योत्सव पर्व अक्षय तृतीया के दिन बुढागर क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों से सनातन धर्म संस्कृति के संरक्षक हिन्दू सनातनी बड़ी संख्या में एकत्रित हुए और मध्यप्रदेश के सबसे बड़े तालाब के तट पर स्थित श्री हनुमान जी के मंदिर में पूजन पाठ भंडारे का कार्यक्रम बड़े ही गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ जिसमें क्षेत्रिय वरिष्ठ समाजसेवी उपस्थित हुए इस अवसर स्थानीय विधायक श्री संतोष बरकडेजी, सहित अनेक समाजसेवियों ने भगवान् श्री परशुराम के पूजन पश्चात समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज सेवियों, डॉ विजयकांत तिवारी, प्रदेश महासचिव अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद मध्यप्रदेश, प्रदेश संरक्षक श्री मती सोनल तिवारी आदि का पुष्पहार एवं श्रीफल, उत्तरी से सम्मानित किया। इस अवसर संजय तिवारी , राघवेन्द्र त्रिपाठी, बसंत तिवारी, हरिशंकर तिवारी, राहुल मिश्रा ,बन्टू मिश्रा , शुभम , शिवम्-मिश्रा , प्रद्युम्न त्रिपाठी ,लकी महराज , अनिल मिश्रा , जय चौबे अशोक चौबे, राजेश त्रिपाठी , मनीष त्रिपाठी , मनोहर तिवारी , श्रीकांत पांडे , लकी पांडे , पुष्पराज बघेल , राजमणि बघेल , अंकित तिवारी सिहोरा सहित लगभग 500 की संख्या में आसपास के पनागर, सिहोरा , मझौली विधानसभा के ग्रामीण अंचलों से ब्राह्मण समाज के व्यक्ति मंदिर परिसर के कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## झारिया कल्याण संघ की आवश्यक बैठक संपन्न

**जबलपुर।** झारिया कल्याण संघ (मेहरा समाज) की एक आवश्यक बैठक एनपी झारिया के निवास में संपन्न हुई जिसमें 26 अप्रैल को सामाजिक सम्मेलन की रूपरेखा पर चर्चा हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से समाज के विकास, सामयिक मुद्दों और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई, जिसमें वरिष्ठ पदाधिकारियों और समाज के गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया तथा युवा वर्ग को जोड़ने पर जोर दिया गया। बैठक में संघ के प्रमुख सदस्य, पदाधिकारी और समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। साथ ही सेमरा से दीपक झारिया को ग्रामीण अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में डॉ. एन.पी. झारिया, अजय झारिया, अमित मेहरा, संतोष झारिया, रतन झारिया, भीकम झारिया, मथुरा प्रसाद झारिया, भगवत प्रसाद झारिया, संतोष मेहरा, अशोक मेहरा, सोमती दुर्गा मेहरा, देवा झारिया, हरि मेहरा मीडिया प्रभारी, बलराम झारिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पनागर में भगवान परशुराम प्रकटोत्सव पर निकली वाहन रैली, उमड़ा जनसैलाब

**पनागर।** भगवान परशुराम प्रकटोत्सव के अवसर पर पनागर नगर में ब्राह्मण एकता संगठन के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा एवं विशाल वाहन रैली का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। रैली में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण निर्मित हो गया। रैली का शुभारंभ प्रातः रेपुरा फैक्ट्री गेट के समीप से हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए भगवान परशुराम मंदिर, पनागर पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर रैली का स्वागत किया गया। रैली के पश्चात मंदिर परिसर में विधिवत पूजन, अर्चन एवं महाआरती का आयोजन किया गया, जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया।



कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं महिलाओं की उल्लेखनीय सहभागिता रही। आयोजकों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में एकता, भाईचारा एवं सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम में उपस्थित पनागर के विधायक सुशील तिवारी (इन्दू भैया), राजेश चौबे, ब्राह्मण एकता संगठन के अध्यक्ष डॉ एस के मिश्रा, सचिव अनिल दुबे, कोषाध्यक्ष रविशंकर अवस्थी, युवा अध्यक्ष धर्मेश गुरु उपाध्याय, सर्वेश मिश्रा, अरविंद तिवारी,आनंद जैन,अंकुर जैन, अनिल तिवारी, रोशन तिवारी, अमरनाथ दुबे, संजय अवस्थी, अजय अवस्थी, अतुल पांडे, अमित परोहा, महेंद्र चौबे, संदीप शर्मा, ऋतुराज तिवारी, अवधेश उपाध्याय, अंजनी मिश्रा, ईंलू तिवारी, रोहित तिवारी, वीरेंद्र तिवारी, दीपक दुबे, सौरभ मिश्रा,विनायक परौहा,सहित अनेक सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही।

कार्यक्रम के सफल आयोजन पर समूचे आयोजन के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे, पुलिस प्रशासन का भी भरपूर सहयोग मिला थाना प्रभारी विपिन सिंह,एवं उप निरीक्षक आकाश सिंह राजपूत, रवि वर्मा उनकी टीम मौजूद रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर ब्राह्मण एकता संगठन ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त किया।



# डॉजबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**जबलपुर।** 18वीं सीनियर राज्य स्तरीय डॉजबॉल प्रतियोगिता का आयोजन देवास में दिनांक 21 एवं 22 अप्रैल 2026 को किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जबलपुर की टीम 20 अप्रैल 2026 की रात्रि को जबलपुर से देवास के लिए प्रस्थान करेगी। जबलपुर टीम का नेतृत्व कप्तान यशवर्धन स्वामी करेंगे, जबकि उपकप्तान की जिम्मेदारी यश पटेल को सौंपी गई है। टीम के अन्य खिलाड़ी इस प्रकार हैं – हर्ष बर्मन, कृष गोटिया, सल्लव शर्मा, अभिषेक जायसवाल, सुमित चौधरी, अर्जुन गोटिया, अनुश झारिया, दीपक जायसवाल एवं आयुष विश्वकर्मा,जैश वर्मा,हर्षवर्धन।

# जय-जय परशुराम के उद्घोष से गूंजा बरेला परिक्षेत्र

**बरेला।** भगवान परशुराम की तेजस्वी छवि,जोश, निष्पक्ष न्याय समाज के लिए प्रेरणा पुंज है हमें हमारी ताकत का एहसास होना चाहिए। उक्त विचार ब्राह्मण कुल गौरव विधायक सुशील तिवारी जी ने वाहन रैली का शुभारंभ करते हुए दिये। सर्व ब्राह्मण समाज बरेला परिक्षैत्र अध्यक्ष अरविन्द तिवारी, नगर अध्यक्ष योगेश दुबे, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे, सरपंच आशीष शुक्ला, सरपंच आलोक दुबे,भानू नवेरिया, कृष्ण कुमार द्विवेदी, लक्ष्मण तिवारी जी ने समस्त सम्माननीय अतिथियों का स्वागत वंदन किया। सैकड़ों दो पहिया वाहन और कारों का लंबा काफिला नगर भ्रमण करते हुए शारदा देवी मंदिर रिछाई बरेला पहुंचा जहां शुक्ला परिवार द्वारा कोल्ड ड्रिंक, ठंडा शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई। परशुराम धाम में महाआरती का शानदार आयोजन किया गया। प्रसाद वितरण के पश्चात छोले भटूरे का भंडारा कराया गया।। जिसमें तहसीलदार शशांक दुबे,गौरी शंकर पांडे,बसंत तिवारी, निरंजन द्विवेदी, सतेन्द्र गर्ग, अमित शुक्ला, अनिल तिवारी,महेश मानव, ज्ञानू प्यासी, रजनीश पांडे,अजय तिवारी,राम विशाल चौबे, रमेश परौहा, सुशील उपाध्याय नीरज द्विवेदी रमेश शास्त्री, श्रीकांत उपाध्याय माधव शर्मा, मिथलेश तिवारी, धर्मेंद्र दुबे,सी एम् शर्मा,अर्पित दुबे, संजय दुबे,सतीश चौबे, अमित तिवारी, गोविंद दुबे,सुजीत चौबे,मद्धू पाठक ,सुरेश तिवारी, शिवाकांत उपाध्याय, सुनील मिश्रा,अजय गर्ग, राजू पाठक,सचिन उपाध्याय, सुशील गौतम, नवनीत दुबे, विकास दुबे, प्रीतम कटारे, नंदकुमार उपाध्याय, के के शुक्ला,अप्पू पांडेय,रघुवीर पांडे , उमेश दुबे,गबलू तिवारी, गुड्डा पाठक,जित्तू उपाध्याय, राकेश पाण्डेय,हरीश उपाध्याय, सौरभ सुल्लैर, अशोक दुबे, निखिल दुबे, अमित मिश्रा, पिंटू पांडे, बंटू पांडे, अंकित शुक्ला, गोल्डी दुबे, मोहित तिवारी,राजा उपाध्याय,छोटू, मानस दुबे , मोहित गर्ग,लकी, नितिन पांडे, नितिन बडगैया , कृपाशंकर दुबे, संतोष बिलोहां, आयुष तिवारी ,शिवांश,अवस्थी,प्रेमनारायण उपाध्याय, बसंत उपाध्याय, विष्णु तिवारी, अरूणरावत, अजय उपाध्याय ,सोनू सोनकर, अर्पित जैन, विपिन झारिया, दिनेश पटेल, राजकुमार गौंटिया, सहित नगर बरेला, परिक्षैत्र पड़वार, उमरिया, धनपुरी,हिंदुआ,सालीवाडा, महंगवा, पिपरिया से बिप्र बंधुओं ने धर्म लाभ अर्जित किया।





# धनुश्री जाटव ने जीता स्ट्रांग वुमेन का खिताब

## मिशन हेल्थ क्लब के पावर लिफ्टरों का शानदार प्रदर्शन

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक खेल संघ के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि अभी हाल ही में कृषि विशवविद्यालय में राज्य स्तरीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मिशन हेल्थ क्लब के बादल परिहार ने जूनियर वर्ग में 105 किलो ग्राम वजन में स्वर्ण पदक जीता, धनुश्री जाटव ने सब जूनियर वर्ग में 43 किलोग्राम वजन में स्वर्ण पदक जीतते हुए स्ट्राँग वुमेन का खिताब जीता, कांतिका सन्मोरिया ने जूनियर वर्ग में 76 किलो ग्राम वजन में स्वर्ण पदक जीतकर मिशन हेल्थ क्लब का नाम रोशन किया। ये तीनों खिलाड़ी मिशन हेल्थ क्लब में कोच लॉरेंस मार्टिन के मार्गदर्शन में अभ्यासरत हैं। इन खिलाड़ियों की उपलब्धि पर आलोक मिश्रा, रॉबर्ट मार्टिन, लॉरेंस मार्टिन, दिनेश राव, दीनू स्वामी, अनूप शर्मा, खूबचंद मलगानी, विजय कलसिया, राजेश सहारिया, राकेश श्रीवास, राजकुमार यादव, दिनेश गोंड ने बधाई देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# अक्षय तृतीया पर बच्चों ने रचाई गुड्डा-गुड़िया की शादी, दिखी परंपरा और उत्साह की झलक

**मझौली।** अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर नगर में बच्चों द्वारा गुड्डा-गुड़िया की शादी बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराई गई। इस दौरान बच्चों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए पूरे उत्साह के साथ विवाह कार्यक्रम आयोजित किया।शादी में बच्चों ने बारात निकाली, गीत-संगीत के साथ नाच-गाना किया और गुड्डा-गुड़िया को दूल्हा-दुल्हन के रूप में सजा कर विधि-विधान से विवाह संपन्न कराया। कार्यक्रम में मोहल्ले के अन्य बच्चे और महिलाएं भी शामिल हुईं, जिससे माहौल उत्सवमय हो गया।बुजुर्गों ने बताया कि अक्षय तृतीया को अत्यंत शुभ दिन माना जाता है, इस दिन बिना मुहूर्त देखे विवाह जैसे मांगलिक कार्य किए जाते हैं। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए बच्चे गुड्डा-गुड़िया की शादी कर भारतीय संस्कृति और रीति-रिवाजों को सीखते हैं।इस आयोजन से जहां बच्चों को मनोरंजन मिला, वहीं उन्हें सामाजिक और सांस्कृतिक परंपराओं की जानकारी भी प्राप्त हुई। पूरे कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था।



# "रुक जा रात ठहर जा रे चंदा"

## गुंजन गीत माला में दर्शक मंत्रमुग्ध

**जबलपुर।** गुंजन गीत माला की 12वीं कड़ी आज दत्त मंदिर प्रेक्षागृह में गायिका संध्या जैन के संयोजन में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर संगीतकार शंकर-जय किशन के संगीतबद्ध गीत प्रस्तुत किए गए, जिसमें रुक जा रात ठहर जा रे चंदा..., पर्दे में रहने दो..., तुम्हें याद करते-करते..., बोल राधा बोल..., सायोनारा सायोनारा..., मुझे कितना प्यार है तुमसे..., याद किया दिल ने कहां हो तुम... सहित अनेक गीत प्रस्तुत हुए। प्रारंभ में लायन नरेंद्र जैन, प्रतुल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल, सुनील श्रीवास्तव, राजेश पाठक प्रवीण, राजीव गुप्ता, दीपक पचौरी, संतोष नेमा, विजय अनुज ने दीप प्रज्जवलित करते हुए सुप्रसिद्ध कलाकार आशा भोसले को श्रद्धांजलि अर्पित की। द्वितीय सोपान में गुंजन सम्मान किशोर ताम्हने को प्रदान किया गया। शिल्पा ताम्हने के संचालन में आयशा मजूमदार, राजा हर्ले, थॉमस डिक्रूज, पुरुषोत्तम शर्मा, महेंद्र सिंह, आनंद साहू, विजय बेन, नम्रता जैन, माया पाण्डे, गंगा बावरिया, प्रीति मिश्रा, रीतेश चंदेल, जितेंद्र बबेले, अशोक आहूजा, भगवानदास आदि ने अपने मधुर गीतों से सभी का मन मोह लिया। आभार संध्या जैन संयोजिका ने व्यक्त किया।




**श्री उमेश त्रिवेदी-** नेपियर टाउन निवासी श्री उमेश त्रिवेदी (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती संतोष कथूरिया-** मदनमहल निवासी श्री देवराज कथूरिया की धर्मपत्नी श्रीमती संतोष कथूरिया (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री मनोज-** विस्थापित बस्ती फेस 1, तिलहरी निवासी श्री मनोज (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अजय अहिरवार-** सिंधी कैंप राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री लक्ष्मण प्रसाद अहिरवार के पुत्र श्री अजय अहिरवार (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रामकली तिवारी-** शुक्ला नगर गढ़ा निवासी श्री तुलसीदास तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली तिवारी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गीता बाई चौधरी-** बाबा टोला जानकी दास मंदिर के पास निवासी श्री मल्लू प्रसाद चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती गीता बाई चौधरी (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री द्वारका प्रसाद-** चैतन्य सिटी तिलहरी निवासी श्री द्वारका प्रसाद (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जुगल किशोर-** प्रेमसागर चौकी के पास राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री जुगल किशोर (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजा विश्वकर्मा-** साईं कॉलोनी धनवंतरी नगर निवासी श्री राजा विश्वकर्मा (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती प्रभा जाट-** महर्षि अरविंद वार्ड निवासी श्री लाल सिंह जाट की धर्मपत्नी श्रीमती प्रभा जाट (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राजेश्वरी पटेल-** पीपल मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री रमेश कुमार पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती राजेश्वरी पटेल (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
फिक्स साइज:- ... से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- ... से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज ... से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362100



# एक ही तरह की भूमिकाओं से बचने के लिए छोड़ दिया अभिनय

**मुंबई।** अभिनेता और फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप अपनी चुनिंदा भूमिकाओं के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में उन्होंने फिल्मों से ब्रेक लेने की बात पर खुलकर बात की है। अनुराग कश्यप इन दिनों अपनी फिल्म 'डकैत' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। एक खबर के अनुसार, 53 साल के अनुराग कश्यप ने फिल्मों से ब्रेक लेने की बात पर कहा कि उन्हें बार-बार एक ही तरह की भूमिकाएं मिल रही थीं। इससे बचने के लिए उन्होंने जानबूझकर अभिनय छोड़ दिया था। वे नहीं चाहते थे कि लोग उन्हें एक तय स्क्रीन इमेज में देखने लगें। उन्होंने हाल ही में तेलुगु फिल्म डकैत में काम करके तेलुगु सिनेमा में डेब्यू किया है। इस फिल्म में आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिका में हैं।

लाइफ Style



# जैस्मीन


## माता-पिता से कई बार मिला दर्द

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जैस्मीन सैंडलस ने धुरंधर फिल्म में कई गानें दिए हैं, जैसे- धुरंधर का टाइटल ट्रैक, शरारत, मैं और तू। इनमें से सबसे ज्यादा पॉपुलैरिटी धुरंधर 2 के गाने जाइए सजना ने बटोरी। इस गानें पर उनका लाइव परफॉर्मेंस भी काफी वायरल हुआ।

अब हाल ही में उन्होंने स्ट्रगल्स को लेकर खुलकर बात की। रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में जैस्मीन ने कहा, 'मैंने काफी स्ट्रगल किया है। मुझे लगता है कि बड़े होते हुए मैंने अपनी जिंदगी के कई ऐसे दौर देखे, जहां मुझे चीजों को खुद समझना पड़ा। वो सफर आसान नहीं था। जिंदगी में बहुत कुछ होता है। यह माता-पिता के लिए भी मुश्किल होता है, लेकिन, बच्चों के लिए भी। हमें सही मार्गदर्शन और प्यार की जरूरत होती है माता-पिता बच्चों के साथ इतने सख्त क्यों होते हैं?' उन्होंने आगे कहा, 'जब जिंदगी सच में मुश्किल होती है, तब आपको सहारे की जरूरत महसूस होती है। उन 2-3 वर्षों में जब मैं शराब पीती थी, मुझे अपने कुछ फैसलों का अफसोस है। बहुत सारी चीजें एक साथ हो रही थीं। एक तरफ मैं मशहूर हो रही थी, दूसरी तरफ अंदर से बहुत कुछ महसूस कर रही थी, परिवार में समस्याएं थीं, मेरे पिता नहीं रहे थे, और मैं सफल भी थी। मैंने जरूरत से ज्यादा शराब पी, जिसका मुझे अफसोस है, लेकिन उस समय मेरे लिए वो जरूरी लग रहा था।'उन्होंने आगे कहा, 'मुझे बचपन में अपने माता-पिता से कई बार दिल टूटने का दर्द मिला। उन्होंने अनजाने में कई बार मेरा दिल दुखाया, इसलिए कहीं न कहीं मन में थोड़ी नाराजगी भी है।

हॉलीवुड मसाला



# कई टीवी फिल्मों में भी किया काम

**लॉस एंजिल्स।** एक्टर और प्रोड्यूसर पैट्रिक मुल्डून का 19 अप्रैल को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। वह 57 साल के थे। वह शो 'डेज ऑफ अवर लाइव्स' और फिल्म 'स्टारशिप ट्रूपर्स' में अपनी भूमिकाओं के लिए जाने जाते थे। कैलिफोर्निया के सैन पेड्रो में जन्मे मुल्डून ने यूएससी से ग्रेजुएशन किया। 1990 के दशक के आखिर और 2000 के दशक में कई टीवी फिल्मों में भी काम किया। बड़े पर्दे पर, मुल्डून ने 1997 की फिल्म 'स्टारशिप ट्रूपर्स' में अभिनय किया।



# 50 साल से ज्यादा के कॅरियर में जीते चार सीजर अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** डाउनटन एबे' और 'कैच मी इफ यू कैन' जैसी फिल्मों की मशहूर फ्रांसीसी अभिनेत्री नथाली बे का 77 साल की उम्र में निधन हो गया। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अभिनेत्री को श्रद्धांजलि देते हुए एक पोस्ट शेयर किया है। नाथाली का जन्म 6 जुलाई 1948 को फ्रांस के नॉर्मंडी में हुआ था। उन्होंने पेरिस के नेशनल कंजर्वेटरी से अभिनय की ट्रेनिंग ली थी। 1970 के दशक में उन्होंने फिल्मों में काम शुरू किया। उन्होंने अपने 50 साल से ज्यादा के कॅरियर में चार सीजर अवॉर्ड जीते थे। नथाली के शुरुआती दिनों में फ्रॉंस्वा त्रुफ़ो की 'डे फॉर नाइट' और जीन-ल्यूक गोडार्ड की फिल्म शामिल हैं। उन्होंने मार्टिन गेरे की वापसी और वीनस ब्यूटी इंस्टीट्यूट जैसी लोकप्रिय फ्रेंच फिल्मों में भी काम किया है। इसके अलावा हॉलीवुड में उन्होंने कैच मी यू केन में लियोनार्डो डिकैप्रियो की मां का रोल निभाया।



# ब्रेकअप के बाद काफी टूट गई थीं ...

**मुंबई।** कल्कि कोचलिन देव डी, डायन, ये जवानी है दीवानी, भय जैसी फिल्मों और सीरीज के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने बताया कि एक दर्दनाक ब्रेकअप के बाद उन्हें कई महीनों तक नींद नहीं आती थी। इस मुश्किल समय ने उन्हें यह समझाया कि दिल और दिमाग का असर शरीर पर कितना गहरा पड़ता है। अपने इस अनुभव को याद करते हुए कल्पी ने ऑल अबाउट हर पॉडकास्ट में कहा, 'मुझे ब्रेकअप के बाद कई महीनों तक इंसोम्निया (नींद न आना) रहा, और तब मुझे एहसास हुआ कि ये सब कितना ज्यादा मानसिक होता है।'उन्होंने आगे बताया, 'मैं सो ही नहीं पाती थी। रात के 2 या 3 बजे मेरी आंख खुल जाती थी और फिर मैं गिटार बजाने लगती थी या खुद को किसी काम में व्यस्त कर लेती थी, क्योंकि दोबारा सो पाना नामुमकिन लगता था।'




# राजा शिवाजी का ट्रेलर लांच, जुटी पूरी टीम

**मुंबई।** रितेश देशमुख द्वारा निर्देशित और अभिनीत राजा शिवाजी इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक है। सोमवार को फिल्म का ट्रेलर लॉन्च इवेंट हुआ। जिसमें फिल्म की पूरी कास्ट एक साथ नजर आई। अब इस इवेंट के कई वीडियोज और फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हैं। एक वीडियो में जहां अभिषेक बच्चन, संजय दत्त और विद्या बालन रितेश की तारीफ करते हुए फिल्म में अपने शामिल होने की कहानी बताते हैं। जबकि कई अन्य वीडियोज में बाकी कलाकार एक-दूसरे मिलते और बात करते दिखाई दे रहे हैं। ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान अभिषेक बच्चन से जब पूछा गया कि जब रितेश उनके पास फिल्म की कहानी लेकर गए, तो उन्होंने कितनी देर में हां कर दी? इस पर अभिषेक ने पहले मजाकिया लहजे में कहा कि मैं टाइम तो नोट नहीं कर रहा था।

टीवी मसाला



# तन्वी बनीं बिग बॉस मराठी सीजन 6 की विजेता, राकेश रहे पहले रनर-अप

**मुंबई।** बिग बॉस मराठी 6 फिनाले की विजेता की ट्रॉफी तन्वी कोल्टे ने जीत ली है। जीतने पर तन्वी कोल्टे को लाखों रुपए का नकद पुरस्कार मिला है। इसके साथ ही उन्हें एक इलेक्ट्रिक स्कूटर और हीरे के आभूषणों के लिए लाखों रुपए का वाउचर भी दिया गया है। लोकप्रिय रियलिटी शो 'बिग बॉस' मराठी का छठा सीजन रविवार को समाप्त हो गया है। इस सीजन में तन्वी कोल्टे ने ट्रॉफी जीत ली है। राकेश बापट पहले रनर-अप रहे। अभिनेता रितेश देशमुख द्वारा होस्ट किए गए इस रियलिटी शो से विशाल कोटियन, अनुश्री माने और दीपाली सैयद बाहर हो चुके थे। तन्वी ने बाकी सभी खिलाड़ियों को हराकर यह ट्रॉफी अपने नाम की। साथ ही उन्होंने 5 लाख रुपए का सूटकेस भी ठुकरा दिया था। 'बिग बॉस मराठी 6' की ट्रॉफी जीतने पर तन्वी को 15 लाख रुपए का नकद पुरस्कार मिला है। इसी के साथ तन्वी को एक इलेक्ट्रिक स्कूटर भी मिला है। इसके साथ तन्वी को हीरे के आभूषणों के लिए 10 लाख रुपए का वाउचर भी दिया गया है। 'बिग बॉस मराठी 6' का ग्रैंड फिनाले बहुत धमाकेदार रहा। कई पूर्व प्रतियोगियों ने डांस परफॉर्मेंस दी। खासतौर पर राखी सावंत भी डांस करती दिखीं। होस्ट रितेश देशमुख के साथ अभिषेक बच्चन और जेनेलिया डिसूजा भी मौजूद थे। इस दौरान रितेश ने अपनी आने वाली फिल्म 'राजा शिवाजी' का प्रमोशन भी किया।

## ओटीटी पर रिलीज होने की तैयारी में धुरंधर 2

**मुंबई।** धुरंधर 2 रिलीज के बाद से ही सुर्खियों में है। फिल्म ने रिलीज के बाद कई रिकॉर्ड तोड़े और अभी भी मूवी सिनेमाघरों में लगी हुई है।



फिल्म अभी भी बॉक्स ऑफिस पर कमाई कर रही है। 'भूत बंगला' के रिलीज के बाद भी इसकी बुकिंग जारी है। इसलिए अभी इसे ओटीटी पर रिलीज होने में थोड़ा समय लग सकता है। कई रिपोर्ट्स के मुताबिक 'धुरंधर 2' मई के आखिर या जून के शुरुआत में ओटीटी पर रिलीज हो सकती है। इसका पहला पार्ट नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुआ था, लेकिन 'धुरंधर द रिवेंज' डिजिटल राइट्स जियो हॉटस्टार के पास हैं। जियो हॉटस्टार 150 करोड़ की डील साइन कर इसके राइट्स लिए हैं। इसका मतलब यह फिल्म जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी। आदित्य धर के निर्देशन में बनी यह दो-भागों वाली स्पाई थ्रिलर फ्रेंचाइजी बॉक्स ऑफिस पर कामयाब रही है। मूवी में रणवीर सिंह, सारा अर्जुन, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त और राकेश बेदी अहम किरदार में नजर आए हैं।

# पति-पत्नी और वो दो का टीजर जारी मुश्किल में फंसे आयुष्मान

**मुंबई।** काफी इंतजार के बाद आखिरकार मेकर्स ने आयुष्मान खुराना की अपकमिंग फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' का टीजर रिलीज किया है। यह फिल्म पहले 4 मार्च को रिलीज होने वाली थी। हालांकि, किसी वजह से मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट टाल दी। टीजर रिलीज करने के साथ इस फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान किया गया है। फिल्म 15 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। कॉमेडी फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' के एक मिनट 22 सेकंड के टीजर में कई दौर दिखाए गए हैं। इसमें दिखाया गया है कि हर दौर के हिसाब से कई चीजें बदली हैं लेकिन पतियों की फितरत नहीं बदली है। इसके बाद आयुष्मान खुराना, वामिका गब्बी, सारा अली खान और रकुल प्रीत सिंह के साथ रोमांस करते हुए नजर आते हैं। टीजर में आगे दिखाया गया है कि आयुष्मान खुराना कई महिलाओं के साथ रोमांस करने को लेकर मुश्किल में फंसते हैं। वह महिलाओं से बचते हुए नजर आते हैं। ट्रेलर में विजय राज भी दिखें हैं, जिन्होंने पुलिस वाले का किरदार निभाया है। हाल ही में फिल्म के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी थी कि यह कब रिलीज होगी। पोस्ट में फिल्म का पोस्टर था, जिसमें आयुष्मान खुराना एक चीते के साथ बैठे थे। पोस्ट के कैप्शन में लिखा था 'शिकारी खुद हो गया शिकार। अब जाल में फंस गए हमारे प्रजापति पांडे। हो जाओ 'पति पत्नी और वो दो' के लिए तैयार।




# इस वीक दर्शकों को मिलेगा एक्शन कॉमेडी और थ्रिल का ट्रिपल डोज

**नई दिल्ली।** अप्रैल का पहला वीक काफी खास रहा। ओटीटी पर कई शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज हुईं। दूसरा वीक भी कम दिलचस्प नहीं है। दर्शकों को एक्शन, कॉमेडी और थ्रिल का रोमांच मिलेगा। यह महीना मनोरंजन के शौकीनों के लिए काफी अच्छा बीत रहा है। सिनेमाघरों में डकैत और भूत बंगला जैसी फिल्मों ने दस्तक दी है। वहीं, ओटीटी पर भी टोस्टर और मटका किंग सहित कई फिल्में और सीरीज बीते सप्ताह रिलीज हुईं। इस महीने का दूसरा वीक भी काफी शानदार है।

**प्रतिछाया** : यह मलयालम पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म इस साल मार्च में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। इस वीक से दर्शक इसे देख सकेंगे। इस फिल्म में पावर, राजनीति और बदले की दमदार कहानी दिखाई गई है। 24 अप्रैल से इसे जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

**24** : अनिल कपूर अभिनीत एक्शन थ्रिलर शो 24 का तीसरा सीजन इस वीक रिलीज होने जा रहा है। इसमें अनिल कपूर एक बार फिर जय सिंह राठौड़ के रोल में नजर आने वाले हैं। इसे दर्शक 24 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर देख सकेंगे। बता दें कि '24' का पहला सीजन 04 अक्टूबर 2013 को टीवी पर आया था। दूसरा सीजन 23 जुलाई 2016 से 9 अक्टूबर 2016 तक प्रसारित हुआ। अब तीसरा सीजन ओटीटी पर आ रहा है।

**स्ट्रेंजर थिंग्स- टेल्स फ्रॉम 85** : यह सीरीज भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह 23 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। यह एक एनिमेटेड साइंस फिक्शन सीरीज है। अगर आपको एनिमेटेड शो पसंद हैं, तो इसे देख सकते हैं।



**एपेक्स** : यह एक सर्वाइवल एक्शन थ्रिलर फिल्म है। यह भी इस वीक रिलीज होगी। इसका निर्देशन बाल्टासर कोरमाकुर ने किया है। इसकी स्क्रिप्ट जेरेमी रॉबिन्स ने लिखी है। वहीं, इसमें चार्लीज थेरॉन, टैरोन एगर्टन और एरिक बाना जैसे सितारे हैं। यह 24 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

## कपिल शर्मा शो के कारण एक्टिंग कॅरियर हुआ ठप, अर्चना को अफसोस!

# कई फिल्मों को किया मना, अब मेकर्स को नहीं दिला रहीं यकीन

*नई दिल्ली। अर्चना पूरन सिंह ने साल 1982 में महज 20 साल की उम्र में फिल्म 'निकाह' से एक्टिंग में डेब्यू किया था। वह उन चुनिंदा एक्ट्रेसेस में से हैं, जिन्होंने बड़े पर्दे और टीवी, दोनों पर साथ-साथ काम किया और दोनों ही मोर्चों पर शोहरत बटोरी। साल 1987 में वह नसीरुद्दीन शाह के साथ फिल्म जलवा में लीड रोल में नजर आईं। अब तक 100 से अधिक फिल्मों और टीवी शोज में काम कर चुकीं 63 साल की अर्चना को मौजूदा वक्त में 'द कपिल शर्मा शो' में जज के रूप में पहचाना जाता है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि इस कॉमेडी शो ने उन्हें नए दौर में खूब पॉपुलैरिटी दी। लेकिन, एक्ट्रेस का मानना है कि कहीं ना कहीं इस कारण उनका एक्टिंग कॅरियर 'ठप' पड़ गया। ताजा इंटरव्यू में उनका यह दर्द छलका है, जो कहीं ना कहीं 'पछतावा' बनकर भी उभरा है। नब्बे के दशक में बाज और जज मुजरिम जैसी फिल्मों में आइटम नंबर, फिर'इंसान, कुछ कुछ होता है, दे दना दन और बोल बच्चन जैसी फिल्मों में अपने कॉमेडी अवतार के लिए सुर्खियां बटोरने वाली अर्चना पूरन सिंह ने 2019 में, नवजोत सिंह सिद्धू की जगह 'द कपिल शर्मा शो' में जज के तौर पर एंट्री की थी। इसके बाद से ही वह इस शो का हिस्सा हैं। यह शो पहले टीवी पर आता था और अब ओटीटी पर 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नाम से प्रसारित होता है।*

### दूसरे प्रोजेक्ट्स में काम करना था मुश्किल

इन दिनों नेटफ्लिक्स फिल्म 'टोस्टर' में नजर आ रहीं अर्चना पूरन सिंह एक बातचीत में कहती हैं, 'इन बीते सालों में मैं फिल्मों में काम नहीं कर पाई। एक बार मुझे एक कॉल आया। उन्हें एक शूट के लिए 25 दिनों के लिए मुझे स्कॉटलैंड ले जाना था। लेकिन, मेरे लिए कपिल के शो की शूटिंग छोड़कर कहीं और फिल्म की शूटिंग करना मुमकिन नहीं था। पहले, जब यह शो टीवी पर आता था, तो हम साल में 100 एपिसोड शूट करते थे। यही वजह है कि मेरे पास कुछ और करने का समय ही नहीं होता था।' कपिल के शो की वजह से मुझे कई फिल्मों को मना करना पड़ा। मैंने इतनी बार मना कर चुकी हूं कि लोगों ने मुझे एक्टिंग के लिए अप्रोच करना ही बंद कर दिया।

### लोगों ने अप्रोच करना छोड़ दिया

अर्चना ने आगे कहा, 'कपिल के शो की वजह से मुझे कई फिल्मों को मना करना पड़ा। अब क्योंकि मैंने इतनी बार मना कर चुकी हूं, इसलिए लोगों ने मुझे एक्टिंग के लिए अप्रोच करना ही बंद कर दिया।' हालांकि, एक्ट्रेस यह भी कहती हैं कि अब जब 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहा है, तो उन्हें उम्मीद है कि उनके कॅरियर को एक नई जिंदगी मिलेगी। मैं कितनी भी कोशिश कर लूं, मैं फिल्ममेकर्स को यकीन नहीं दिला पा रही हूं। उन्हें अब भी लगता है कि मैं कोई ऐसी इंसान हूं जो बस कुर्सी पर बैठकर हंसती रहती है।



### 'आदर्श बाल विद्यालय' सीरीज में दिखेंगी

वैसे, 'टोस्टर' से पहले अर्चना पूरन सिंह बीते साल 2025 में इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर की 'नादानियां' में नजर आई थीं। आगे वह केके मेनन के साथ वेब सीरीज 'आदर्श बाल विद्यालय' में भी दिखेंगी।

### राजकुमार के साथ दूसरी बार काम

अर्चना पूरन सिंह फिल्म 'टोस्टर' में एक कॉमिक रोल में नजर आ रही हैं। राजकुमार राव के साथ यह उनका दूसरा कोलैबोरेशन है। इससे पहले दोनों 'विकी विद्या का वो वाला वीडियो' में साथ काम कर चुके हैं। वह कहती हैं, 'राजकुमार ने मेरा काम 'विकी विद्या का वो वाला वीडियो' में देखा था। यह पहली बार था जब हम दोनों एक-दूसरे के साथ काम कर रहे थे। इसी तरह 'टोस्टर'की शुरुआत हुई। अगर मैंने उस फिल्म में उनके साथ काम नहीं करती, तो शायद 'टोस्टर'का हिस्सा नहीं बन पाती।'

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकली बाइक रैली व शोभायात्रा

## भगवान परशुराम हमें अन्याय के तीव्र प्रतिकार का संदेश देते हैं : डॉ. अभिलाष पाण्डेय




**जबलपुर।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव बाइक रैली का आयोजन मध्यप्रदेश प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा के द्वारा किया गया, जिसका स्वागत उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय के द्वारा उत्तर मध्य विधानसभा में जगह-जगह किया गया।भगवान परशुराम जन्मोत्सव बाइक रैली के अवसर पर अपना विशेष आशीर्वाद देने के लिए बगलामुखी मठ के मुख्य पुजारी चैतन्यानंद महाराज ने आकर भगवान परशुराम के जीवन से प्रेरणा लेकर धर्म के मार्ग पर चलने और अधर्म का प्रतिकार करने के लिए सभी को बताया।उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने इस दौरान कहा कि भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जीवन हमें कई जीवन-मूल्य सिखाता है जिसमें

शक्ति और संयम का संतुलन, शक्ति तभी सार्थक है जब वह धर्म और न्याय के पक्ष में हो। परशुराम जी के पास असीम शक्ति थी, लेकिन उन्होंने उसका उपयोग केवल अधर्म के विनाश के लिए किया। उन्होंने सिखाया कि व्यक्ति को अपने कर्तव्यों के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए, चाहे मार्ग कितना भी कठिन क्यों न हो।अहंकार का त्याग- उन्होंने कार्तवीर्य अर्जुन जैसे अहंकारी राजाओं का अंत करके यह संदेश दिया कि शक्ति आने पर व्यक्ति को विनम्र रहना चाहिए, अन्यथा विनाश निश्चित है।प्रकृति और तप का महत्व- एक महान योद्धा होने के बावजूद, उनका जीवन सादगी और तपस्या से भरा था। वे सिखाते हैं कि शांति की खोज अंततः आध्यात्मिक साधना और प्रकृति के सानिध्य में ही मिलती है।डॉ. पाण्डेय ने बताया कि भगवान परशुराम केवल क्रोध के प्रतीक नहीं हैं, बल्कि वे अन्याय के प्रति विद्रोह और धर्म की रक्षा के शाश्वत प्रतीक हैं। उनकी पूजा शक्ति और ज्ञान दोनों की प्राप्ति के लिए की जाती है।इस दौरान गोपाल तिवारी, अमर पटेल, दीपांशु पाठक, अंकित पाठक, नितिन मिश्रा, उज्ज्वल पचौरी आदि ने रैली का स्वागत पुष्पवर्षा करके किया।



# विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की निकली शौर्य शोभायात्रा

**जबलपुर।** भगवान परशुराम विष्णु के छठे अवतार महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका के पुत्र का जन्म अक्षय तृतीया को हुआ था। वे भगवान शिव के परम भक्त थे, जिन्होंने शिव से प्राप्त 'परशु' (फरसा) धारण कर अधर्मियों का संहार किया। वे आठ चिरंजीवियों में से एक हैं। परशुराम सेना ने शौर्य शोभायात्रा श्री गुप्तेश्वर मानस मंदिर शक्ति नगर से निकाली। शोभायात्रा भोलेबाबा हनुमान मंदिर, शारदा मंदिर मदन महल, गुप्तेश्वर महादेव मंदिर, खेरमाई मंदिर कृपाल चौक का भ्रमण कर श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में संपन्न हुई। परशुराम सेना के प्रदेश संयोजक मुकेश चतुर्वेदी ने बताया कि शोभायात्रा श्रद्धा भक्ति भाव, हर्षोल्लास के साथ दो पहिए वाहनों से निकाली गई। शोभायात्रा में रामावतार द्विवेदी, मुकेश चतुर्वेदी, संतोष दुबे, अशोक कुमार शर्मा, विजय तिवारी शिबू, हनुमान मिश्रा, नारायण भिंडे, राजकुमार गौतम, ध्रुव कुमार दुबे, डॉ. राजेश तिवारी, प्रमोद द्विवेदी, विजय शंकर मिश्रा, आशीष तिवारी, आशीष बुधौलिया, प्रमेन्द्र गौतम, सुशील चौबे, रामेश्वर चौबे, लखन मिश्रा, रविन्द्र अवस्थी, अजय ताम्रकार, शंभू सिंह, अशोक सोनी, राम प्रसाद गुप्ता, अरविंद कपूर, नारायण सोनी, विजय चौधरी, ओपी दुबे, संजय पोल, अनील कुमार सिंह, संजू डेलन, संजीव सिंह लाली, अतिन्द्र शुक्ला, अभिनव शिवहरे, रौनक राजपूत, तनु श्रीवास्तव, राहुल यादव, मिथुन शिवहरे, अभिषेक शर्मा मोनू, गुड्डू उपाध्याय, मुन्ना सेन, अनिल ठाकरे, प्रमोद गढ़पाले, गुड्डा राजपाली, आदर्श श्रीवास्तव, मुकेश सिंह, दिनेश झारिया, गोरेलाल साहू आदि लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्र धर्म संस्कृति व ब्रह्म शक्ति का प्रतीक है विप्रजन

# ब्राह्मण का अर्थ है सेवा



**जबलपुर।** समाज का सर्वश्रेष्ठ सेवक वसुदेव कुटुंबकम को सार्थक बनाना चारों वर्ण समानांतर हैं। उपनयन संस्कार मुंडन संस्कार कनछेदन संस्कार 38 ब्राह्मण यज्ञोपवीत संपन्न हुआ ,बन्ना गीत गाए पारिवारिक संगीत ढोल-नगाड़े के साथ उत्सव मनाया। जगतगुरु राघव देवाचार्य महाराज जी ने कहा उपनयन संस्कार माता-पिता का ऋण राष्ट्र का अनुपालन एवं संस्कृति से जोड़ता है।

**सन 2011 से निशुल्क जनेऊ संस्कार प्रारंभ-** नरसिंहपुर कटनी दमोह शहडोल उमरिया उपनयन संस्कार में शामिल हुए। भगवान परशुराम का अभिषेक धूमधाम से पुष्प वर्षा 51 ब्राह्मणों द्वारा स्वातिवचन, गौरी गणेश का पूजन बरुआ भोज मां विछणदेहु, शब्द गुंजयमान। पंडित राजकुमार दुबे द्वारा गुरु मंत्र बटुको, आशीर्वाद , गायत्री मंत्र हनुमान चालीसा तीन टाइम संध्या वंदन अमावस पुण जनेऊ अवधारणा शिक्षा प्रदान की गई। अक्षय तृतीया श्रेष्ठ मुहूर्त मां नर्मदा का तट परशुराम धाम अनूठा संगम है सभी परिवार रिश्तेदार जय जय परशुराम के उद्घोष से गुंजयमान सभी सदस्यों ने बटुक ब्राह्मणों को तिलक चंदन वंदन कर द्रव्य दक्षिण प्रदान की। आरती पूजन के साथ समस्त देवी देवताओं का मंत्र उच्चारण के साथ विराम दिया कार्यक्रम में उपस्थित जगतगुरु राघव देवाचार्य महाराज डॉ अरुण मिश्रा धनंजय बाजपेई रावेंद्र तिवारी सीताराम कुरचानिया निशांत शर्मा पुष्पा तिवारी सुधा मिश्रा डॉ,स्वागतिकापति इं,रविंद्र तिवारी, यदुवंश मिश्रा भगवती भारद्वाज सुधाकर मिश्रा आनंद मोहन शर्मा आर एस पांडे उमाशंकर दुबे, दुर्गा मिश्रा प्रशांत तिवारी सतीश मिश्रा ताराचंद राय आदि उपस्थित थे आभार प्रदर्शन धनंजय बाजपेई रावेंद्रतिवारी द्वारा किया गया।



## दिव्यांशा सोनकर का सुयश

**जबलपुर।** कस्तूरचंद हितकारिणी चिल्ड्रन एकेडमी जोन्सगंज की छात्रा दिव्यांशा सोनकर ने बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में 90.4 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने माता-पिता एवं शिक्षकों का नाम रोशन किया। दिव्यांशा सोनकर, पिता दीपक सोनकर एवं माता सुनीता सोनकर की पुत्री हैं, इन्होंने अपनी मेहनत से अपने विद्यालय, माता-पिता तथा शिक्षकों का नाम रोशन किया। परिवार एवं विद्यालय में दिव्यांशा की इस सफलता पर खुशी जताई और उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पार्किंसन रोग समझने आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम



**जबलपुर।** आदित्य अस्पताल, जबलपुर में वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. तरुण नागपाल के मार्गदर्शन में पार्किंसन रोग जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्किंसन रोग से ग्रसित मरीजों के लिए "पार्किंसन डिज़ीज़ मूवमेंट डिसऑर्डर सोसाइटी" की मध्य भारत में जबलपुर इकाई का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पार्किंसन रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा मरीजों एवं उनके देखभालकर्ताओं को उपयोगी जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. नवनीत सक्सेना, डीन नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर रहे। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अत्यंत लाभकारी बताया तथा मरीजों और उनके देखभालकर्ताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। डॉ. तरुण नागपाल ने पार्किंसन रोग के लक्षणों एवं संकेतों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और रोगियों के दैनिक जीवन को सरल बनाने हेतु व्यावहारिक सुझाव साझा किए। डॉ. अपूर्वा, डॉ. अदित, एवं योगाचार्य श्री पांडेय द्वारा पार्किंसन रोगियों के लिए फिजियोथेरेपी, पुनर्वास तथा उपयोगी व्यायामों के महत्व पर प्रभावशाली जानकारी दी गई, जो रोगियों की जीवनशैली में सुधार के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुई।

अस्पताल स्टाफ द्वारा प्रस्तुत पोस्टर प्रदर्शनी ने सभी का ध्यान आकर्षित किया और उनकी रचनात्मकता एवं समर्पण की सराहना की गई। साथ ही जनजागरूकता के उद्देश्य से एक नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. राजेश पटेल, अस्पताल निदेशक डॉ ओ पी. सिसोदिया, डॉ विश्वास शर्मा, डॉ आशीष टंडन, डॉ शब्बीर हुसैन, डॉ. अजय फौजदार की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की सफलता में अस्पताल की सीईओ श्रीमती संपदा कुलकर्णी, एडमिन श्री सुमित दास का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह कार्यक्रम न केवल पार्किंसन रोग से ग्रसित मरीजों के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए भी लाभकारी सिद्ध हुआ और जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ।



# विश्वकर्मा समाज की महिलाओं ने किया सुहागन पूजन

**जबलपुर।** श्री विश्वकर्मा महिला महासंगठन, जबलपुर (मध्य प्रदेश) द्वारा त्रिपुरी सुंदरी मंदिर, तेवर में भव्य 151 विश्वकर्मा महिलाओं का सुहागन पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पावन अवसर पर महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विश्वकर्मा समाज की एकता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। 151 महिलाएँ एकत्रित होकर माँ औसान देवी के चरणों में पूजन हेतु उपस्थित हुईं। सभी के सहयोग, बड़ों के आशीर्वाद एवं छोटों के स्नेह से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। विश्वकर्मा महिला महासंगठन की ओर से प्रत्येक सदस्य एवं सभी महिलाओं का हृदय से आभार एवं धन्यवाद। आशा है कि भविष्य में भी हम सभी इसी प्रकार मिलकर और भी भव्य एवं सफल आयोजन करते रहेंगे।

# 10वीं हाई स्कूल परीक्षा में 500 में से 444 अंक प्राप्त किए



**जबलपुर।** मेधावी छात्र ऋषभ राजपूत ने मध्यप्रदेश बोर्ड (2025-26) द्वारा आयोजित 10वीं हाई स्कूल परीक्षा में 500 में से 444 अंक प्रतिशत में (88.8ः) अंक प्राप्त कर सभी 6 विषयों हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान में डिस्टिंकशन प्राप्त किया। इस अवसर पर ऋषभ राजपूत ने बताया कि वह निर्मला इंग्लिश मीडियम स्कूल काँचघर का नियमित छात्र है, स्कूल में पढ़ाई करने के अलावा वह घर पर नियमित 8 से 10 घंटे की पढ़ाई करता था, मोबाईल का उपयोग सिर्फ पढ़ाई करने के लिए करते थे, अपनी सफलता का श्रेय ऋषभ राजपूत ने अपनी माता मनीषा राजपूत पिता भूपेन्द्र कुमार राजपूत व निर्मला चर्च स्कूल काँचघर के सभी सम्मानीय शिक्षकों को दिया एवं आगे भी ऐसे ही उच्च अंक प्राप्त कर उच्च शिक्षा प्राप्त करने की बात की व अपने माता पिता समाज एवं देश का नाम रौशन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पृथ्वीराज चौहान फाऊन्डेशन जबलपुर के वरिष्ठ समाज सेवी विजय कांडा, कमला चौहान, अजय पाण्डेय, सरला राजपूत, ठा. दीपक सिंह राजपूत, अनुराधा राजपूत, नीतू ठाकुर, आरती जायसवाल, रूपलाल यादव, राजेन्द्र चौधरी, अनुज सिंह ठाकुर, संजय कुमार ठाकुर, पिंकी ठाकुर, धीरज सिंह ठाकुर, मनीषा राजपूत, भूपेन्द्र सिंह राजपूत, शशांक यादव, मयंक राजपूत, राजेश पटेल, प्रवीण सिंह बैस, चिंटू नरेश राजपूत, मिनाक्षी राजपूत, मोना चौहान, आशीष यादव सहित महाकौशल जनप्रतिनिधि विचार मंच, अखिल भारतीय मानव अधिकार समिति, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय छात्र परिषद्, क्षत्रिय राजपूत समाज सहित अनेक सामाजिक संगठनों ने ऋषभ राजपूत को 10वीं हाई स्कूल परीक्षा में 500 में से 444 अंक प्रतिशत में (88.8ः) अंक प्राप्त कर सभी 6 विषयों हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान में डिस्टिंकशन एवं उनके प्रथम स्थान प्राप्त करने पर और उनके सफल उज्जवल जीवन की कामना की।

# श्रीमद् भागवत कथा में गूंजे 'जय कन्हैया लाल की' के जयकारे



**जबलपुर।** श्री बांके बिहारी सेवा समिति के तत्वाधान में तिकोना गार्डन, एसबीआई कॉलोनी में चल रही सार्वजनिक श्रीमद् भागवत कथा का चौथा दिवस की कथा में कथा व्यास पंडित अतुल शास्त्री जी अपने मुखारबिंद से भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव, नंदोत्सव और उनकी बाल लीलाओं , और कृष्ण की मनोहर लीलाओं का वर्णन किया जिससे पूरा पांडाल 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से गूंज उठता है।

भागवत कथा को सुनने से जीव के जन्मांतरों के पाप नष्ट हो जाते हैं और जीव का उद्धार होता है। आज के मुख्य यजमानों में के.एन सिंह,गायत्री सिंह, कृष्णा गुप्ता, माया सिंह, राखी चौकसे, लक्ष्मी सिंह, रीति अग्रवाल, पूजा साहू, रेखा तिवारी, रवि सिंह, संजय कुमार तिवारी, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ.अरुण मिश्रा, शेलेष तिवारी, सोनू तिवारी,अरविंद सेन, बाबी देवगन, ब्रजेश साहू, सचिन गुप्ता, वर्षा साहू ने पूजन अर्चन आरती करा कर कथा प्रारंभ की इस मौके पर क्षेत्र के श्रोताओं ने भी व्यास पीठ से आश्रीवाद लिया एवं क्षेत्र के सभी जनमानस की उपस्थिति सराहनीय रही। तत्पश्चात आज की कथा का समापन कर आरती सम्पन्न हुई जिसमें क्षेत्र के अनेकों गणमान्यों एवं श्रद्धालुओं, मातृशक्तियों ने कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। समिति की अध्यक्ष ललिता दीदी ने सभी का यजमानों का का सम्मान किया एवं रंजीत सिंह ने आभार प्रकट कर प्रतिदिन सायं 5 बजे कथा में अधिक से अधिक जनों की उपस्थिति की अपील की।



# ईश्वर सेवा समिति ने 251 श्रद्धालुओं को करवाए मथुरा वृंदावन दर्शन

**जबलपुर।** 251 श्रद्धालुओं को वृंदावन धाम के पावन दर्शन कराने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस दिव्य यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जन्मभूमि, बांके बिहारी मंदिर, प्रेम मंदिर, इस्कॉन मंदिर वृंदावन, निधिवन सहित अन्य प्रमुख स्थलों के दर्शन किए। साथ ही प्रेमानंद महाराज एवं अनिरुद्धाचार्य महाराज के पावन सान्निध्य एवं दर्शन का भी लाभ मिला।इसके अतिरिक्त श्रद्धालुओं ने बरसाना में राधा रानी मंदिर तथा कीर्ति मंदिर के दर्शन किए। गोवर्धन में 12 किलोमीटर की पवित्र परिक्रमा सभी श्रद्धालुओं ने अत्यंत श्रद्धा, प्रेम एवं उत्साह के साथ पूर्ण की।यह संपूर्ण आध्यात्मिक कार्यक्रम ईश्वर सेवा समिति के संयोजक सुंदर अग्रवाल, धीरज सराफ़, रवि पिल्ले, पुष्प्रज पिल्ले, डॉ. ऋषि बवारिया, छोटू सतनामी, राजेश पिल्ले, लक्ष्मी चौधरी, प्रभा स्वामी, बिंदु गुप्ता और 251 श्रद्धालु शामिल हुए और सफल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ। समस्त श्रद्धालुओं ने इस दिव्य यात्रा को भक्ति, आनंद एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण अनुभव किया और प्रसाद स्वरूप सभी को भगवान राधाकृष्ण की मूर्तियां और महाप्रसाद सभी को दिया गया।

# संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर।** संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा, जबलपुर द्वारा सोमवार को महामहिम राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम तीन सूत्रीय मांगों पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन विशेष रूप से वंचित, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के अधिकारों, सुरक्षा एवं समान अवसर सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रस्तुत किया गया है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से उस यूजीसी कानून का मुद्दा उठाया गया, जिसे वंचित वर्ग के छात्रों के हितों की रक्षा के लिए बनाया गया था, परंतु वर्तमान में वह सुप्रीम कोर्ट के माध्यम से स्थगित (रोक) कर दिया गया है। मोर्चा ने केंद्र सरकार से मांग की है कि इस महत्वपूर्ण कानून को अध्यादेश लाकर तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए, ताकि विश्वविद्यालयों में हो रहे अन्याय एवं भेदभाव पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। मोर्चा ने यह भी स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के साथ लगातार अन्याय, भेदभाव एवं असमान व्यवहार की घटनाएं सामने आती रही हैं, जिनको रोकने के लिए यह कानून अत्यंत आवश्यक है।

ज्ञापन में तीन प्रमुख मांगें विशेष रूप से शामिल की गईं-1. यूजीसी बिल पर सुप्रीम कोर्ट की रोक को समाप्त कर केंद्र सरकार अध्यादेश लाकर इसे तत्काल लागू करे।2. महिला आरक्षण बिल में ओबीसी, एसटी एवं एससी महिलाओं की समुचित भागीदारी सुनिश्चित की जाए।3. जनगणना प्रपत्र में ओबीसी वर्ग के लिए पृथक कॉलम जोड़ा जाए।संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने केंद्र सरकार से इन सभी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया है, ताकि देश के वंचित वर्गों को न्याय, समानता और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। मोर्चा ने यह भी अपील की कि समाज के सभी वर्ग, विशेषकर एससी, एसटी एवं ओबीसी समुदाय, अपने अधिकारों की रक्षा हेतु एकजुट होकर आगे आएं। ज्ञापन सौंपते समय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के संयोजक रामरतन यादव, बैजनाथ कुशवाहा, घनश्याम यादव, धर्मेंद्र कुशवहा, मनोज बाघमारे, रामराज पटेल, देवकरण पटेल, देवी बोधी, अजय झरिया, परमानंद साहू, अमित पांडे, अरविंद कुशवाहा, अतुल लोधी, इंद्रकमार कुलस्ते, एडवोकेट प्रशांत चौरसिया, एडवोकेट नरेश चक्रवर्ती, प्रमोद सेन, अशोक यादव, जितेंद्र यादव, प्रहलाद बौद्ध, रज्यजन यादव, विष्णु मलिक, मेहंदी हसन, मायादवी कुशवाहा, वृंदावन वर्मा, राकेश श्रीवास, मुरारी लाल चक्रवर्ती, सोमवारू कोल, अमरजीत सिंह, सग्गू राजकुमार पासी, अमरनाथ राव, संतोष मराठा, माया हुरमाडे, भीमराव साखरे, सुरेश बद्ध गया धर्वे, नंदकिशोर टेमूरणे, आर पात्रे, मूलचंद मौरे, सुरेश जाभुलकर, डॉ. सरला साहू, मंजू जैन, उमा उईके, घनश्याम चक्रवर्ती, अनंत कुशवाहा, उदयभान कुशवाहा, राजेंद्र पिल्ले, राज सोनकर, गोविंद भोमरे, नरेश कुलस्ते, बालकृष्ण उईके, सुंदर बाबा, विनोद कोल सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी के तापमान को देखते हुए स्कूल का समय सुबह की पाली में किया जाए, मांग

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश सहारिया ने बताया कि एक तरफ भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है ऐसे में तापमान की अधिकता को देखते हुए स्कूलों का समय सुबह 8 बजे से 12 बजे तक किया जाना चाहिए, जिससे शासकीय एवं अशासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में अध्यनरत बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर ना पड़े। अभी जो शालाएं प्रातः 10:30 से 4:30 बजे तक लग रही हैं वहाँ अध्ययनरत बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है और वे बीमार पड़ रहे हैं अतः अप्रैल माह में गर्मी की तीव्रता को देखते हुए स्कूल के समय में परिवर्तन किया जाए जिससे छोटे-छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों को बीमार होने से बचाया जा सके। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने कलेक्टर से मांग की है कि स्कूल के समय में परिवर्तन कर सुबह 8:00 बजे से 12:00 बजे तक रखा जाए जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर न पड़ सके। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, राजेश सहारिया, हेमंत ठाकरे, दिनेश गोंड, राकेश श्रीवास, राजकुमार यादव, फिलिप एंथोनी, रऊफ खान, गुडविन चार्ल्स, गोपीशाह, एनोस विक्टर, विनोद सिंह, राकेश गुप्ता, मनमोहन चौधरी, उमेश सिंह ठाकुर, रामेश्वर प्रसाद दुबे, सुनील झारिया, सुरेंद्र चौधरी, दीपेश जैन, संतोष चौरसिया आदि ने कलेक्टर से मांग की है कि गर्मी के तापमान को देखते हुए शाला समय में परिवर्तन किया जाए।

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, ARMY NO JC-386661A RANK-SUB NAME-JAYVEER SINGH PAL S/O MAHENDRA SINGH PAL of unit SIGNAL RECORDS, JABALPUR (MP),I have changed name and date of birth of my MOTHER from SOMVATE PAL & date of birth 01/07/1947 (Name and DOB as per my Army service records) to SOM VATI & 01/07/1940 (name & DOB as per my MOTHER, AADHAR CARD) vide affidavit dated 19/04/2026 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (MP)
CORRECT NAME-SOM VATI
INCORRECT NAME-SOMVATE PAL
CORRECT DOB-01/07/1940
INCORRECT DOB-01/07/1947